हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार, 28 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 19.6 डिग्री

11 विश्व रंगमंच दिवस पर रंगकर्मियों को देवेंद्र त्रिखा ...

12 कार्यकर्ता संगठन की करें चिंताः ग्रोवर


Farm House
44 फुट चौड़ी सड़के, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
M. 9832100036
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF
ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक
का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- पुराना बस अड्डा सामुदायिक केंद्र में सुबह 11 बजे दीपेंद्र हुड्डा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे।
- अति पिछड़ा व अति दलित वर्ग का साढ़े 10 बजे शीला बाईपास से रोष प्रदर्शन शुरू।
- राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल सुबह 11 बजे महिला पुलिस स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। दोपहर 12 बजे वन स्टॉप सेंटर का दौरा भी करेंगी।

## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन आज शहर में

**रोहतक।** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल 28 मार्च को रोहतक दौरे पर आएंगी। सोनिया अग्रवाल सुबह 11 बजे महिला पुलिस स्टेशन का निरीक्षण करेंगी। इसके बाद वह दोपहर 12 बजे वन स्टॉप सेंटर का भी दौरा करेंगी।

### शव को ढूंढने पानी में उतरे व्यक्ति का सामान चोरी

**महम।** पुट्ठी सैमाण गांव का एक युवक नहर में डूब गया था। परिजन उसे नहर में ढूंढ रहे थे। इस दौरान सैमाण गांव का एक व्यक्ति भी नहर में उतर गया। जब वह वापस आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। सैमाण गांव के किसान सुरेश कुमार पुत्र रामनारायण ने बताया कि वह स्कूटी लेकर खेत में गया था। नहर पर भीड़ देखकर वह वहां पर पहुंचा, तो उसे पता चला किया नहर में डूबे पुट्ठी के युवक के शव को ढूंढने के लिए पानी में कूद गया।

### दो पक्षों में झगड़ा, 10 लोगों पर केस दर्ज

**महम।** महम में दो गुटों में आपस में झगड़ा हो गया। इस संबंध में एक गुट के 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। कस्बा महम के वार्ड 10 में परसवाला मोहल्ला निवासी देव पुत्र राजेश ने बताया कि 26 मार्च को 11 बजे खुद उसके साथ और उसके पिता राजेश के साथ उनके पड़ोसी अमन, सतबीर, मोहित, प्रियांशु, जोनी, राहुल, शीतल व राकेश ने मारपीट व गाली गलौच की वारदात को अंजाम दिया।

### फोन कॉल आई और बैंक खाते से निकल गए 5 हजार

**महम।** सैमाण गांव के एक युवक ने महम थाने में शिकायत दी है, जिसमें उसने बताया कि उसके पास एक कॉल आई थी, मोबाइल पर कॉल आते ही खाते से 5 हजार रुपए कट गए। सैमाण गांव निवासी राकेश बामल पुत्र बलवान सिंह ने पुलिस को शिकायत दी है।

### शव के पास मिला सुसाइड नोट, पुलिस कर्मी सहित कई पर परेशान करने के आरोप

# तेज कॉलोनी के व्यक्ति ने प्रताड़ना से तंग आकर होटल में फंदा लगाकर जान दी

## परिजनों ने शव आईजी कार्यालय के सामने रखकर लगाई न्याय की गुहार

- अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने परिजनों को दिया आश्वासन
- शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तेज कॉलोनी के रहने वाले व्यक्ति ने दिल्ली बाईपास स्थित एक होटल के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। होटल संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। मौके से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। घटना से गुस्साएं परिजनों ने शव को आईजी कार्यालय के बाहर रोड पर रख दिया और पुलिस कर्मी सहित अन्य पर आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। काफी समझाने के बाद लोगों ने रोड को खाली किया।

तेज कॉलोनी निवासी जयप्रकाश ने बताया कि उसका भाई 42 साल का विजय मजदूरी करता था। वह काफी समय से परेशान चल रहा था। उसके पास तीन बच्चे हैं। बड़े बेटे की शादी हो चुकी है। वह 26 मार्च की सुबह कहकर गया था कि काम पर जा रहा है। इसके बाद उन्होंने सुबह तीन बजे विजय के मोबाइल पर फोन किया तो पुलिस ने फोन उठाया और उन्हें होटल में बुलाया। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसके भाई ने शौचालय के पंखे से फंदा लगाया हुआ था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। जयप्रकाश ने बताया कि रात को उनके मोबाइल पर विजय के मोबाइल से सुसाइड नोट भी भेजा गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके भाई को कई दिनों से परेशान किया जा रहा था जिसमें पांच लोग शामिल हैं जिसमे से एक युवक पुलिसकर्मी है। पुलिस कर्मी उसके भाई को नशे के झूठे केस में फंसाना चाहता था जिससे तंग होकर उसके भाई ने आत्महत्या की है। पहले उनके बड़े भाई को भी नशा तस्करी में फंसाने के लिए प्रयास किया गया। उन्होंने अपने भाई के लापता होने के बाद पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की भी शिकायत दी थी। पुलिस ने विजय के मोबाइल के आधार पर उसे सर्च किया लेकिन सेक्टर एक तक आकर चले गए। उन्होंने बताया कि शव के पास एक सुसाइड नोट भी पड़ा हुआ मिला, जिसमे साफ शब्दों में पुलिस कर्मी का नाम लिखा हुआ है।


रोहतक। मृतक विजय का फोटो।


रोड पर शव रख कर विरोध करते हुए मृतक के परिजन।


मौके पर जांच करते हुए एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ.सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।


रोहतक। आईजी कार्यालय के बाहर रोड पर मृतक के परिजन विलाप करते हुए।

### की जा रही जांच

उन्हें सूचना मिली थी की एक युवक ने एक होटल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसके बाद वह वहां पहुंचे और परिजनों को सूचना दे दी गई। वहीं परिजनों को समझाकर शव को पीजीआई में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मामले की गहन जांच कर करवाई की जाएगी। - **सतपाल सिंह**, एसएचओ अर्बन एस्टेट थाना

### ये लिखा सुसाइड नोट में

पुलिस द्वारा होटल से बरामद दो पेज के सुसाइड नोट की जांच करवाई जाएगी। इसमें लिखा है कि पुलिस कर्मी व अन्य कई लोग विजय को काफी परेशान कर रहे थे। वह झूठा केस दर्ज करने की धमकी देकर उससे करीब चार लाख रुपये वसूल चुका है। पुलिस कर्मी के साथ कई और युवक शामिल हैं। जिनके नाम बताए गए हैं। साथ ही कहा है कि वह इन लोगों की वजह से सुसाइड कर रहा है। उसने एक कर्मचारी पर नशा बेचने का काम करवाने के भी आरोप लगाए हैं। आरोप है कि उसकी आर्थिक हालत खराब कर दी गई, जिसकी वजह से वह आत्महत्या कर रहा है।



## पुलिस ने एसआई विजय कुमार के परिवार को दी 6,45,900 रुपये की आर्थिक सहायता

**रोहतक।** पुलिस विभाग के उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत विजय कुमार की ऑर्गन फेलियर के कारण मौत हो गई थी। जो जिला पुलिस में तैनात सभी अधिकारियो व जवानों ने विजय कुमार के परिवार को आर्थिक सहायता देने के लिए स्वेच्छा से अपनी राशि जमा कराई व पुलिस अधीक्षक के हवाले किया। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने मृतक विजय के परिवार को सांत्वना देते हुए उनकी पत्नी सुशीला को 6 लाख 45 हजार 900 रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेट की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार मौजूद रहे। विजय कुमार पुलिस लाइन रोहतक में तैनात थे। 20 फरवरी 2024 को विजय कुमार ऑर्गन फेल होने के कारण मौत हो गई। उन्होंने 1989 में पुलिस विभाग की नौकरी ज्वाइन की थी।


रोहतक। शपथ लेते हुए पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## रमेश कुमार ब्रांच चेयरमैन, तिलकराज ब्रांच प्रधान और सुधीर मलिक उपप्रधान बने

**रोहतक।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन ब्रांच हैल्थ शहरी एक वाटर वकर्स का चुनाव बुधवार को जिला प्रधान अनिल बल्हारा, जिला सचिव सज्जन सिंह की देखरेख में हुआ। इस दौरान चुनाव प्रवेक्षक राज्य उपप्रधान दलबीर सैनी रहे। चुनाव यूनियन कार्यालय सोनीपत स्टैंड पर सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें रमेश कुमार को ब्रांच चेयरमैन, तिलकराज को ब्रांच प्रधान, मनिंद्र को सचिव, सुनील गुप्ता को कोषाध्यक्ष, सुधीर मलिक को उपप्रधान, अजित बल्हारा को प्रेस सचिव, साकेत को कार्यालय सचिव चुना गया। चुने गये सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# टिकट मिलने के बाद अरविंद शर्मा ने गढ़ी सांपला किलोई में किया रोड शो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा टिकट मिलने के बाद आज भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे और सांपला में रोड शो किया। यहां उन्होंने ऐलान कर दिया कि रोहतक की सीट पर भाजपा की सबसे पहली जीत होगी। हुड्डा सपना लेना छोड़ दे। टिकट मिलने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से डॉक्टर अरविंद शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा आला कमान ने उन्हें एक बार फिर से रोहतक लोकसभा की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके लिए वह सब का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर वर्ग के पात्र लोगों के लिए योजनाओं का लाभ घर बैठे पहुंचाया है, जिससे जनता का उनमें विश्वास और बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत हासिल कर 400 पार कर जाएगी। रोड शो के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, रोहतक मेयर मनमोहन गोयल , पूर्व मंत्री भाजपा नेता कृष्णमूर्ति हुड्डा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनंदन भारद्वाज सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर अरविंद शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया।

**सख्ती** लोकसभा चुनाव के मध्यनजर शस्त्र लाइसेंस धारकों को निर्देश

# 15 अप्रैल तक जमा करवाने होंगे हथियार

- 15 अप्रैल 2024 तक अपना लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करवाएगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




भारतीय चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा कर दी गई है। चुनाव तिथि की घोषणा से ही जिला में आदर्श आचार संहिता भी लागू हो चुकी है। कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने तथा शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए रोहतक पुलिस द्वारा जिले के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने लाइसेंसी हथियार 15 अप्रैल से पहले-2 अपने नजदीकी पुलिस थाना या स्थानीय गन हाउस पर जमा करवाएं। ऐसा नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने बताया कि रोहतक जिले में आदर्श आचार संहिता लागू की गई है। प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक के लिए अपना हथियार जमा करवाना अनिवार्य है। प्रत्येक शस्त्र लाइसेंस धारक संबंधित थाना में जाकर अपना लाइसेंसी हथियार निःशुल्क जमा करवा सकता है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति गन हाउस में भी अपना लाइसेंसी हथियार जमा करवा सकता है लेकिन लाइसेंस जमा की रशीद संबंधित थाना में दिखाना अनिवार्य होगा। यदि कोई व्यक्ति 15 अप्रैल 2024 तक अपना लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करवाएगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों से पुनः अपील की जाती है कि वे अपने-2 लाइसेंसी हथियार संबंधित थाना में जमा करवाएं ताकि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव 2024 को सम्पन्न करवाया जा सके।

## फाग के दिन जुई फीडर नहर में डूबे युवक का शव बरामद

महम। जुई फीडर नहर में डूबे पुट्ठी गांव के युवक आशीष का शव पुलिस ने तीसरे दिन बरामद कर लिया है। फाग के दिन दोपहर बाद हिसार जिले के पुट्ठी सैमाण गांव का युवक आशीष पुत्र संजय गांव के पास से गुजर रही जुई फीडर नहर में डूब गया था। मंगलवार को भी उसका शव बरामद नहीं हो पाया था। एनडीआरएफ का एक बचाव दल कल नहर पर पहुंच गया था और सैमाण से भिवानी तक शव की तलाश की गई थी। तीसरे दिन बुधवार को कुछ घंटे के लिए नहर के पानी का बहाव कम करवाया गया। सुबह दस बजे पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। शव ज्यादा दूर नहीं गया था।

# एमडीयू के 6 छात्र आईटी ट्रेनर पद पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल (सीसीपीसी) के तत्वावधान में गणित विभाग और कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बूटकैंप के अंत में हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 6 विद्यार्थियों का चयन आईटी ट्रेनर के पद हुआ है। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित कारपोरेट कोड क्वोशंट प्रा. लि. ने विजिट की। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में गणित विभाग और कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के 80 विद्यार्थियों ने शिरकत की। ग्रुप डिसक्शन, एप्टीट्यूड टेस्ट, एचआर इंटरव्यू तथा वीडियो प्रेजेंटेशन आदि चरणों के बाद गणित विभाग के तीन और कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग से भी तीन विद्यार्थियों का चयन आईटी ट्रेनर के पद पर हुआ है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. दलीप सिंह और सीसीपीसी के उपनिदेशक डॉ. सौरभ कांत ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गणित विभाग की सीसीपीसी कोऑर्डिनेटर डॉ. एकता नरवाल और सीसीपीसी के उपनिदेशक डॉ. सुखविंदर देवड़ा ने इस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन एवं समन्वयन किया।

**खबर संक्षेप**

### कंफेक्शनरी संचालक से की मारपीट

**गन्नौर।** आमलेट देने से मना करने पर तीन युवकों ने एक कन्फेक्शनरी की दुकान संचालक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक के दोस्त ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में हलदाना गांव के रहने वाले जयभगवान ने बताया कि 25 मार्च को अपने गांव के दोस्त अमित उर्फ मीता की गढी कला के पास स्थित कन्फेक्शनरी की दुकान के पास गया हुआ था।

### नकदी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने फल विक्रेता से नकदी छीनने की घटना मे संलिप्त आरोपित शहर में वाल्मीकि बस्ती के शुभम उर्फ खोतिया व विष्णु नगर के सोनू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपितों से छह हजार रुपये बरामद किए। न्यायालय के आदेश पर उनको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मूल रूप से बिहार में समस्तीपुर के गढ़ी बिस्नपुर के दलीप गोहाना में गढ़ी सराय नामदार खां में रहते हैं। वे क्षेत्र में फल बेचते हैं।

### भोगीपुर में आग से झुलसी महिला

**गन्नौर।** भोगीपुर गांव में एक महिला आग से बुरी तरह से झुलस गई। विवाहिता को रोहतक पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। महिला के पिता ने महिला के पति व सास पर उसकी बेटी को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

# नोडल अधिकारी चुनाव संबंधित ड्यूटी की अनुपालना करें सुनिश्चित

## लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग तथा हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना में लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण व सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। सभी संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए जाते है कि वे चुनाव संबंधित ड्यूटी की अनुपालना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रबंधन तथा नैतिक मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों के अतिरिक्त उपायुक्त नोडल अधिकारी होगी और इस कार्य में डीआईसी के महाप्रबंधक तथा ईवीएम मास्टर ट्रेनर उनकी मदद करेंगे। कानून व्यवस्था, पेरा मिलिट्री पुलिस बल की तैनाती एवं जिला सुरक्षा योजना तथा वल्नरेबिलिटी पहचान के लिए पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी होंगे। वाहनों की अनुमति के लिए संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी, लोकसभा आम चुनाव के दौरान प्रशिक्षण प्रबंधन एवं नियंत्रण कक्ष के लिए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, सामग्री प्रबंधन के लिए एमसी नायब तहसीलदार, परिवहन प्रबंधन के लिए प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव तथा परिवहन महाप्रबंधक, साइबर सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साइबर सुरक्षा प्रभारी, मैनपावर प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन एवं आईटी तथा एसएमएस निगरानी के लिए एडीआईओ नोडल अधिकारी होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्वारा जारी आदेश के तहत आदर्श चुनाव आचार संहिता को लागू करने, सी-विजिल, एनकोर, सक्षम, ईएसएमएस, ईएमएस तथा चुनाव संबंधी आईटी ऐप के लिए नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, मतगणना केंद्रों की तैयारी व रखरखाव तथा मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं के लिए लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता, खर्च निगरानी के लिए डीईटीसी (बिक्री कर), पर्यवेक्षक के लिए डीईटीसी (आबकारी), बैलेट पेपर, डमी बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट पेपर एवं ईटीपीबीएस के लिए जिला राजस्व अधिकारी, मीडिया के लिए जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, इलेक्टोरल रोल तथा सभी प्रकार की अनुमतियों के लिए सिंगल विंडो के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, संचार योजना तथा जिला चुनाव प्रबंधन योजना के लिए जिला सांख्यिकी अधिकारी, टोल फ्री हेल्पलाइन 1950 एवं जन शिकायत निपटारे के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

### लोकसभा चुनाव के दौरान लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर हिदायतें जारी

- ▶▶ हिदायतों का उल्लंघन करने पर उपकरणों सहित लाउडस्पीकर होगा जब्त
- ▶▶ अनुमति के बाद सुबह 6 से रात्रि 10 बजे किया जा सकेगा लाउडस्पीकर का उपयोग
- ▶▶ आदेशों की उल्लंघना पर होगी नियमानुसार सख्त कार्यवाही

### ये हिदायतें की जारी

**रोहतक।** जिलाधीश अजय कुमार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना में राजनैतिक दलों, चुनाव प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा चुनाव अभियान में लाउडस्पीकर उपयोग करने बारे हिदायतें जारी की गई है। यह हिदायतें अपराध प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी की गई है। जिलाधीश द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार चुनाव अवधि के दौरान लाउडस्पीकर के उपयोग को विनियमित किया जाएगा। किसी भी प्रकार के वाहन पर लगाये गए या चुनाव प्रचार के प्रयोजनों के लिए सार्वजनिक बैठकों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच लाउडस्पीकर या कोई ध्वनि एम्पलीफायर का उपयोग नहीं किया जायेगा। लाउडस्पीकरों का उपयोग सार्वजनिक बैठकों या जलूस या सामान्य प्रचार के लिए केवल सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जा सकेगा। अजय कुमार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी राजनैतिक दल, चुनाव प्रत्याशियों, ट्रक, टैम्पो, कार, टैक्सी, वैन, तीपहिया वाहन, स्कूटर, साइकिल, रिक्सा आदि सहित चलती गाडियों पर लाउडस्पीकर का उपयोग करने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति को सूचित करना होगा। लाउडस्पीकर का उपयोग करने की अनुमति देने वाले अधिकारियों को उन वाहनों की पंजीकरण पहचान संख्या और वाहनों की पंजीकरण पहचान संख्या संबंधित अधिकारियों द्वारा दिये गए परमिट पर दर्ज करनी होगी। जिलाधीश द्वारा जारी हिदातयों के अनुसार सभी राजनैतिक दलों, चुनाव प्रत्याशियों तथा चलते वाहन अथवा स्थाई स्थान पर लाउडस्पीकर का प्रयोग करने वाले व्यक्ति को इसकी सूचना रोहतक लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी तथा सभी संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को देनी होगी। इसके अलावा लिखित में लाउडस्पीकर उपयोग करने की अनुमति का विवरण स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी देना अनिवार्य होगा। मोबाइल लाउडस्पीकर के मामले में वाहन के पंजीकरण पहचान संख्या को रिटर्निंग अधिकारी तथा लोकल पुलिस प्रशासन के पास पंजीकरण करवाना होगा। लाउडस्पीकर उपयोग की अनुमति देने वाली अथॉरिटी तथा पुलिस प्रशासन यह सख्ती से सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति इनकी उल्लंघन न करें। बिना लिखित अनुमति के लाउडस्पीकर का उपयोग करने पर लाउडस्पीकर को सभी उपकरणों सहित तत्काल जब्त कर लिया जायेगा। अजय कुमार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान तथा मतदान समाप्ति के बाद भी किसी प्रकार के वाहनों पर या किसी अन्य तरीके से लगे लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति नहीं दी जायेगी। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद चुनाव संपन्न होने तक कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी।




## आकाश इंस्टीट्यूट में शहीद के बच्चों की 100 प्रतिशत माफ रहेगी ट्यूशन फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले नए सत्र की शुरुआत से पहले अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की। आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। ये बात आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनूप अग्रवाल ने बुधवार को आकाश इंस्टीट्यूट में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आकाश की तरफ से पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। वहीं, शहीद के बच्चों को विशेष छूट दी जा रही है। देशभर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए आकाश इंस्टीट्यूट समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति पुरस्कार और तत्काल प्रवेश के अवसर प्रदान करता है। छात्र ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और अपनी अर्जित छात्रवृत्ति का विवरण तुरंत प्राप्त कर सकते हैं, आईएसीएसटी के माध्यम से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियां मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन कक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लागू होती हैं।

## डीएसपी के पिता के निधन पर जताया शोक



**रोहतक।** डीएसपी जोगेंद्र शर्मा के पिता के निधन पर शोक जताने के लिए सिरसा लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर, नारनौंद विधायक रामकुमार गौतम, पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, पूर्व आईपीएल प्लेयर सुमित नरवाल, एसडीएम आशीष कुमार, मेलबर्न से सुखविंद्र सिंह, अधिवक्ता नरेंद्र कौशिक आदि पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया। विगत दिनों ही जोगेंद्र शर्मा के पिता का देहांत हो गया था।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अपनाओ, गंदगी भगाओ के नारे भी लगाए




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सत जीन्दा कल्याणा कॉलेज कलानौर में बुधवार को एनएसएस यूनिट एक सुनील महेंद्रा की टीम ने स्वयंसेवकों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा उन्हें शारीरिक बल का महत्व भी बताया। गांव आवंल में डोर टू डोर अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने एवं सामाजिक बुराईयों से दूर रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, दहेज प्रथा अभिशाप है आदि नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। शाम के सत्र में डॉ. कृष्ण कुमार ने फिजिकल एवं मैन्टल फिटनेस विषय पर व्यख्यान दिया। इसके अलावा एनएसएस यूनिट दो द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसेविकाओं ने रविदास मोहल्ले में डोर टू डोर अभियान चलाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा गंदगी से फैलने वाली बिमारियों की जानकारी दी। स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अपनाओ, गंदगी भगाओ के नारे भी लगाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मानसा रॉय ने ग्रामीणों से अपील की कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें एवं अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होनें दें। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रशंसा की। प्राध्यापिका कोमल ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया।

# बच्चों को भौतिक विज्ञान के सिद्धांत समझाए



**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलानौर में विद्यार्थियों के समक्ष विज्ञान की कुछ सरल गतिविधियां करवाई गई। इसमें रिसोर्स पर्सन असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक संकाय हिंदू कॉलेज सोनीपत डॉक्टर राजीव वत्स ने विज्ञान के बारे में जानकारी दी। इसमें विद्यालय के नौवीं व दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व डॉ. वत्स द्वारा करवाई गई गतिविधियों की विद्यार्थियों द्वारा पुनरावृति की गई। जिसके लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने डॉक्टर राजीव वत्स का बच्चों को विज्ञान की इन सरल गतिविधियों से परिचित करवाने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नीतू कुमारी रसायन प्रवक्ता, अंजली देवी जीव विज्ञान प्रवक्ता, रेखा रानी विज्ञान अध्यापिका आदि मौजूद रहे।





# रंग लगाकर होली का पर्व मनाया

**रोहतक।** फागुन मास की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष मनाये जाने वाला होली का पावन पर्व सुभाष नगर आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने प्रवासी बच्चों को मिठाई खिलाकर, रंग लगा कर धूमधाम से मनाया। प्रधान ने बताया कि यह त्यौहार ऊंच नीच को मिटाने वाला पर्व है। सभी सदस्यों ने बच्चों संग मिलकर एक दूसरे को बधाई देते हुए पर्व मनाया। जिसमें प्रवीन सहगल उपप्रधान, सुरेन्द्र सहगल, राजेश मलिक, अनिल अरोड़ा, गौरव गिरौतरा, आशिमा, साहिल भसीन, सुरेश सुनेजा, पंडित रामकिशन, ओम प्रभा ने सहयोग किया। वहीं पांडव नगर में भी होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रिशु सोनी ने बताया कि सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# ई-कंटेंट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन दी गई ओईआर, केनवा और प्रेज़ी की जानकारी

- सभी पार्टिसिपेंट्स को ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस तथा क्रिएटिव कॉमंस लाइसेंसिंग की विस्तृत जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के निर्देशन में चलाए जा रहे पांच दिवसीय ई-कंटेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन महम तथा सांपला ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से आए पीजीटी एवं टीजीटी अध्यापकों को ई-कंटेंट बनाने के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी पार्टिसिपेंट्स को ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस तथा क्रिएटिव कॉमंस लाइसेंसिंग की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही केनवा तथा प्रेजी में प्रेजेंटेशन और इंफोग्राफिक बनाना भी सिखाया गया। डॉ. जसबीर ने बताया कि एससीईआरटी से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर इस शिविर में अध्यापकों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। आईसीटी आधारित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी अध्यापकों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाना तथा ई-कंटेंट बनाने एवं प्रयोग करने संबंधी जानकारी देना है। यह प्रशिक्षण शिविर 30 मार्च तक डाइट मदीना की तरफ से आयोजित किया जा रहा है।

# दुःख निवारण किला मोहल्ला में धूमधाम से मनाया होली पर्व

**रोहतक।** होली का त्यौहार व्यक्ति के मानस को आनंद से भर देने वाला उत्सव है। ये विचार दुःख निवारण के आध्यात्मिक विचारक गंगाराम यादव ने होली के उत्सव पर व्यक्त किये। उन्होंने होली के त्यौहार के वैज्ञानिक होने की बात को व्याखित करते हुए कहा कि हिन्दू संस्कृति में रंगों के प्रभाव व महता को होली के माध्यम से परिभाषित किया गया है। रंगों का जीवन, मन पर बड़ा प्रभाव होता है। धाम में हजारों भक्तों ने मार्गदर्शक गंगाराम यादव से आशीर्वाद लिया और उनके सानिध्य में जमकर होली खेली। गंगाराम यादव सामाजिक व आध्यात्मिक मार्गदर्शक हैं, जिनके सानिध्य में अनेकों आधुनिक पद्धति के स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य कॉलेज, महिला कॉलेज, आईटीआई, सिलाई केंद्र, प्रशिक्षण संस्थान व अनेक सामाजिक मूवमेंट हिंदुस्तान व नेपाल में चलते हैं।



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित शीतला माता मंदिर में पहले बुधवार को पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। आने वाले चार बुधवार को भरे जाएंगे मेले। महंत थानेश्वरदास ने कहा कि मान्यता के अनुसार जो भी इस मंदिर में मन्नत मांगता है उसी मुराद पूरी होती है। अलग अलग राज्यों से भक्त बुधवार को पूजा करने आते हैं।

### साल में दो बार नाटक कार्यशालाओं का आयोजन होगा : कुलपति

# विश्व रंगमंच दिवस पर रंगकर्मियों को देवेंद्र त्रिखा बेस्ट प्रमोटर अवार्ड से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय हीपा व शहर की अन्य संस्थाओं के सहयोग से महीने में कम से कम दो बार नाटकों का मंचन करवाएगा ताकि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपनी मानवीय क्षमताओं को निखारने के मौका मिले और वे बेहतर नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। यह बात मंगलवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर आठ राज्यों के चुनिंदा आठ रंगकर्मियों को देवेन्द्र त्रिखा बेस्ट थियेटर प्रमोटर अवार्ड प्रदान करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इसके अलावा साल में दो बार नाटक कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि रंगमंच और दूसरी कलात्मक विधाएं अनौपचारिक शिक्षा के प्रभावी साधन हैं, जो बच्चों को संवेदनशील और सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम का आयोजन राधाकृष्ण सभागार में विश्विद्यालय के छात्र कल्याण विभाग और स्थानीय संस्था हीपा ने मिलकर किया था।

कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर राजबीर सिंह ने जम्मू कश्मीर से जम्मू के पद्मश्री बलवंत ठाकुर, हिमाचल प्रदेश से नाहन के रजित सिंह कंवर, उत्तराखंड से नैनीताल के इदरीस मालिक, पंजाब से अमृतसर के जतिंदर बरार, चंडीगढ़ से बनिंदर सिंह बन्नी, हरियाणा से गुड़गांव के महेश वशिष्ठ, दिल्ली से सुनील चौहान और राजस्थान से जयपुर के अशोक राही को देवेन्द्र त्रिखा बेस्ट थियेटर प्रोमोटर अवार्ड के रूप में रुपए 11,000/ का चेक, एक शॉल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्रदान किया। ये सब लोग कलाकार होने के साथ साथ रंगमंच के संवर्धन के लिए दूसरे कलाकारों को भी प्रोत्साहित करने के काम में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. जगबीर राठी, पंडित कैलाश वर्मा, अर्जुन वशिष्ठ, गुलशन शर्मा, सुनित मुखर्जी, हीपा के ट्रस्टी, शहर के कलाकार और स्व. देवेन्द्र त्रिखा के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### रंगमंच के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य पर मिलता है अवार्ड

हीपा के अध्यक्ष विश्व दीपक त्रिखा ने कहा कि रंगमंच की दयनीय दशा को देखते हुए हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (हीपा) रोहतक ने अपने ट्रस्टी देवेन्द्र त्रिखा की याद में गत वर्ष इस अवार्ड की स्थापना की थी। यह अवार्ड हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और राजस्थान सहित आठ राज्यों के उन 8 विशिष्ट नाट्यकर्मियों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने अपने राज्य में रंगमंच के प्रोत्साहन हेतु उल्लेखनीय कार्य किया है। अविनाश सैनी ने बताया कि गत वर्ष यह अवार्ड जम्मू कश्मीर के स्वर्गीय मुश्ताक काक, उत्तराखंड के महेश नारायण, हिमाचल प्रदेश के केहर सिंह ठाकुर, चंडीगढ़ के सुदेश शर्मा, हरियाणा के मनीष जोशी, दिल्ली के दिनेश अहलावत, पंजाब के गोपाल शर्मा और राजस्थान के देश राज मीणा को प्रदान किए गए थे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
❖ COMPUTER OPERATOR 4
❖ ACCOUNTANT 1
❖ RECEPTIONIST 2
❖ SWEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE




निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E.
Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road
Rohtak
9215598698

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट
जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, निःसंतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें



डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतकः दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बैसमेंट के अंदर।

## हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल कार्यकारिणी का कल होगा गठन

**महम।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल महम की नई कार्याकारिणी का गठन शुक्रवार 29 मार्च को किया जाएगा। इसके लिए इस दिन दोपहर दो बे एक समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग मुख्य अतिथि होंगे, जबकि प्रदेश महासचिव एडवोकेट रमेश खुराना समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। व्यापार मंडल महम के नव नियुक्त प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा ने बताया कि यह कार्यक्रम शहर की पंजाबी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महम इकाई के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्तियां की जाएंगी।

## भाजपा ने महंगाई बढ़ाई : निम्बड़िया

**रोहतक।** बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अड़ीचंद निम्बड़ियां ने कहा कि भाजपा ने महंगाई पर रोक नहीं लगाई। युवाओं को पर्याप्त नौकरियां नहीं दी गई जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों की वजह से हर वर्ग दुखी हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग दुखी है।



**रोहतक।** मलखंब प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए पदाधिकारी।

## 29 से 31 तक होगी मलखंब प्रतियोगिता

**रोहतक।** 34वीं मिनी एवं सब जूनियर मलखंब प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल परिसर में होंगी। यह जानकारी मलखंब फेडरेशन के सचिव रवि परिहार ने दी। इन्होंने बताया कि स्पर्धा में 20 प्रदेश की टीम भाग लेंगी।

# आरटीआई की बारीकियों का हमें ज्ञान होना जरूरी : डॉ. अनीता सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ प्रोग्राम ऑन राइट टू इंफोरमेशन एक्ट फॉर पीजीआई में वर्कशाप का आयोजन

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थियेटर वन में बुधवार को प्रोग्राम ऑन राइट टू इंफोरमेशन एक्ट फॉर पीजीआईएमएस विषय पर दो दिवसीय वर्कशाप का शुभारंभ हुआ। वर्कशाप का शुभारंभ कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल, निदेशक डॉ. एसएस लोहचब आदि ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मंच संचालन डिप्टी सुपरीडेंट जयभगवान शर्मा ने किया। डॉ. अनिता सक्सेना ने कहा कि वर्कशाप से चिकित्सक व कर्मचारियों का आरटीआई के प्रति काफी ज्ञानवर्धन होगा। उन्होंने बताया कि आरटीआई से लोगों में दस्तावेजीकरण की आदत आई है। कुलसचिव डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि कई बार आरटीआई एक्ट का गलत प्रयोग किया जाता है, जोकि बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि मिनिस्ट्रियल स्टाफ को नोटिंग हमें नियमों के आधार पर चलानी चाहिए। हमें अपनी वेबसाईट को हमेशा अपडेट रखना चाहिए।





### जिज्ञासाओं को शांत करें: डॉ. लोहचब

निदेशक डॉ. एसएस लोहचब ने बताया कि यह वर्कशॉप आरटीआई कार्यान्वयन की बारीकियों को गहराई से समझने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और आगे आने वाली चुनौतियों का समाधान करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि पीजीआईएमएस में, हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हैं। हम आरटीआई के सिद्धांतों को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्वास्थ्य सेवाओं, नीतियों और प्रथाओं से संबंधित जानकारी जनता के लिए आसानी से उपलब्ध हो। डॉ. लोहचब ने कहा कि हमें प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं को शांत करना चाहिए और हमें पता होना चाहिए कि हमें आरटीआई एक्ट के तहत क्या सूचना देनी है और क्या नहीं। डॉ. जितेंद्र जाखड़ ने कहा कि कई बार बिना वजह की आरटीआई लगती है, ऐसे में हमें पता होना चाहिए कि हमें कौन सी जानकारी प्रदान करनी है और कौन सी नहीं ताकि आरटीआई के दुरूपयोग को रोका जा सके। हिपा के प्रिंसिपल वीपी असीजा ने कहा कि आरटीआई के बारे में क्लास एक से क्लास चार तक के कर्मचारियों को ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने आरटीआई की पृष्ठभूमि, एसपीआईओ के दायित्वों, ड्यूटी व जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक मोनिका, डीन डॉ. कुलदीप लालर, डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. ध्रुव चपैधरी, डीन छात्र कल्याण डॉ. एमजी वशिष्ठ, डॉ. गीता गठवाला, डॉ. एसके धत्तरवाल, जयभगवान शर्मा, राजीव, आशा, प्रवीण सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 35 सेंटरों पर 10,835 परीक्षार्थियों ने दिया इम्तिहान, 48 रहे अनुपस्थित

## 200 मीटर की परिधि में फोटोस्टेट की दुकानें बंद , एक भी केस नहीं बना

■ हर परीक्षा केंद्र पर दो-दो ऑब्जरवर नियुक्त किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान एक भी यूएमसी केस नहीं बना। बता दें कि बुधवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का गणित का पेपर था। इसमें 10883 बच्चों ने परीक्षा देनी थी, लेकिन 10835 छात्र ही परीक्षा देने आए और 48 ने परीक्षा नहीं दी। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर दो दो ऑब्जरवर नियुक्त किए गए हैं ताकि नकल रहित परीक्षा संपन्न हो। इसके अलावा उड़नदस्तों ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। पुलिस ने भी नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए काफी जोर आजमाइश की और परीक्षा केंद्रों के बाहर किसी को भी एकजुट नहीं होने दिया। वहीं अब 28 मार्च को 12वीं कक्षा का सोशोलॉजी और एंटरप्रन्योरशिप का पेपर है।

बुधवार को 35 परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों ने पेपर दिया। सभी छात्र परीक्षा से करीब आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। आई कार्ड चैक करने के बाद ही विद्यार्थियों को पेपर में बैठने की अनुमति दी गई। यहां ये भी बता दें कि हरियाणा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा के लिए जिले में 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से महम उपमंडल में 9, रोहतक उपमंडल में 32 तथा सांपला उपमंडल में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दसवीं की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं और 12वीं की परीक्षाएं 2 अप्रैल तक चलेंगी।

इन परीक्षाओं को शांतिपूर्वक व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत आदेश जारी किए गए हैं। 2 अप्रैल तक परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें भी परीक्षा अवधि के दौरान बंद रहेंगी। वहीं जिले में स्थित परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित नहीं हो सके।



### पुलिस रही तैनात

वहीं परीक्षा केंद्रों के आस पास पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान पुलिस ने काफी सख्ती बरती और जो लोग नकल करवाने का प्रयास कर रहे थे उन्हें परीक्षा केंद्रों से खदेड़ा। पुलिस ने परीक्षा केंद्रों के आस पास स्थित फोटोस्टेट की दुकानों को भी बंद करवा दिया।

## पॉलिटेक्निकल कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

सर छोटू राम पॉलिटेक्निकल कॉलेज में बुधवार से सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू किया गया। पहले दिन विद्यार्थियों ने रंगोली व पोस्टर मेकिंग कर पर्यावरण बचाने व स्वच्छता का संदेश दिया।

प्राचार्य डॉक्टर गीता गुलिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कमेटी के सदस्य डॉ राकेश कुमार ने बताया कि कैंप एक सप्ताह चलेगा। जिसमें स्वयं सेवक कस्बे के अलावा आसपास के गांव में लोगों को सामाजिक बुराइयों से बचने पर्यावरण व स्वच्छता के प्रतीक जागरूक करेंगे।



## दंत स्वच्छता एवं निवारक उपायों दविषय पर पखवाड़ा आयोजित

■ विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग दंत स्वच्छता और निवारक उपायों को बढ़ावा देने पर केंद्रित एक पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। पेडोडोंटिक्स विभाग से रेफर किए गए बच्चों पर गड्ढे और दरार सीलेंट लगाए जा रहे हैं। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ बीसी और प्रोफेसर आदर्श रोहिल्ला की अगुवाई में इस पहल का उद्देश्य बच्चों में निवारक दंत चिकित्सा देखभाल को बढ़ाना और समुदाय के भीतर बेहतर मौखिक स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा देना है।





## तस्करों पर रोक लगाने को हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** देश और प्रदेश में बढ़ रहे नशे पर रोक लगाने के लिए हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पदाधिकारियों ने रोहतक में पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया ने ज्ञापन में बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में नशा तेजी से फैल रहा है। मुख्य रूप से विद्यार्थी खासतौर पर वे विद्यार्थी जो अपने घरों से दूर छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, वे नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। परिणामस्वरूप संबंधित विद्यार्थी का करियर तो बर्बाद हो ही रहा है, साथ में परिजनों को भी इस समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## टिटौली के किसानों को बताए आमदनी बढ़ाने के तरीके

■ पशु जीवन में साफ व स्वच्छ पानी का महत्व के साथ साथ खनिज मिश्रण खिलाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव टिटौली मैं हरकोफैड द्वारा मंगलवार को किसान सहकारिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । इसमें 200 महिला व पुरुष किसानों ने भाग लिया। कैंप में हरकोफेड की शिक्षा अधिकारी अर्चना ने किसानों को सहकारिता के बारे में जानकारी दी। सहकारिता से जुड़कर किसान अपनी आमदनी कैसे बढ़ा सकते हैं, इसकी जानकारी दी। इन्होंने किसानों का आह्वान किया कि सहकारी क्षेत्र से जुड़े। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा प्रतिभागियों को अपने व परिवार की आमदनी पशु पालन के माध्यम से बढ़ाने के बारे में बताया। डॉ. सिंह ने प्रतिभागियों किसानों पशुपालकों को पशुपालन में नस्लों का चुनाव व नस्ल सुधार कार्यक्रम नवजात पशु की देखभाल व खीस पिलाने का महत्व, पशुओं के लिए संतुलित आहार कैसे बनाने व खिलाने, आरामदायक गृह व्यवस्था व बीमारियों से बचाव के लिए मौसम के अनुसार प्रबंध व टीकाकरण के बारे में जागरूक किया। इसके इन्होंने पशु जीवन में साफ व स्वच्छ पानी का महत्व के साथ साथ खनिज मिश्रण खिलाने के बारे में विस्तार फ़ायदे बताए। डॉ राजेंद्र ने किसानों को जागरूक करते हुए बताया के गाय का किसानों के लिए विशेष महत्व है। क्योंकि प्राकृतिक खेती में इसका गोबर व मलमूत्र विशेष महत्व रखता है।



## बाल संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास भवन के डीआरडीए हाल में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय की ओर से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि कार्यशाला में किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा पोक्सो अधिनियम 2012 पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। समिति भी 18 वर्ष से कम उम्र के उन बालकों के मामलों पर कार्रवाई करती है, जिन्हें परिवार ने त्याग दिया, अनाथ हो गए, गुमशुदा अथवा बेसहारा हों। इस प्रकार के बच्चों को उनके परिजनों को सुपुर्द करने का कार्य बाल कल्याण समिति द्वारा किया जाता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह ने किशोर न्याय बोर्ड व बाल कल्याण समिति की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड में 18 वर्ष से कम उम्र के उन्हीं बालकों को प्रस्तुत किया जाता है, जो किसी भी प्रकार से कानून के संपर्क में आ गए हैं।



बोर्ड में प्रधान मजिस्ट्रेट के साथ दो सदस्यों को शामिल किया गया है। बच्चों की जांच के दौरान ओब्रजवेशन होम व दोष सिद्ध होने पर स्पेशल होम में भेजा जाता है।

### 3 वर्ष की सजा का प्रावधान

प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता के तौर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य जय प्रकाश कौशिक ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि बोर्ड में बच्चों के मामले पुलिस द्वारा अथवा स्पेशल जुवेनाइल यूनिट के द्वारा पेश किया जाता है और सामाजिक जांच के आधार पर ही बालकों की बेल बोर्ड के द्वारा निर्धारित की जाती है। किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार बोर्ड में बालकों के अपराध की श्रेणियों को तीन वर्गो में बांटा गया है, जिनमें छोटे अपराध, जिनमें सामान्य कानून के तहत सजा 3 वर्ष से कम का प्रावधान हो, गंभीर अपराध जिनमें सामान्य कानून के तहत सजा 3 वर्ष से 7 वर्ष तक निर्धारित हो और जघन्य अपराध जिनमें सामान्य कानून में सजा 7 वर्ष से अधिक हो, को शामिल किया गया है। अधिनियम के तहत किशोर को अधिकतम 3 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कार्यशाला में डीसीडब्ल्यूओ सोमदत्त खुंडिया, बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा आशा आहूजा व सदस्य रचना, बीना कौशिक, अंजुबाला, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य नीलम, जिला बाल संरक्षण इकाई से सुनीता, अमित, पूजा, पूनम व मोनी देखरेख संस्थाओं के स्टाफ सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### माइक्रो डोनेशन से गतिविधियों में होगा लाभ

# कार्यकर्ता संगठन की करें चिंता : ग्रोवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा है कि किसी भी संगठन की गतिविधियों के लिए एक दूसरे का सहयोग जरूरी है, इसलिए माइक्रो डोनेशन के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए बढ़ चढ़कर भाग लें। बूथ स्तर से लेकर शक्ति केंद्र तक इस अभियान में बढ़ चढ़कर काम करें। हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित रोहतक विधानसभा के कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ग्रोवर ने कहा कि किसी भी संगठन की गतिविधियों से संगठन की नीतियों का प्रचार प्रसार होता है और वह तभी संभव है, जब सभी कार्यकर्ता मिलकर संगठन के लिए तन मन धन से काम करें।

संगठन किसी भी कार्यकर्ता के लिए सब कुछ होना चाहिए। हमें बेहद खुशी है कि हम एक ऐसे संगठन का हिस्सा है, जो विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। आने वाले समय में संगठन के प्रचार प्रसार के लिए सभी कार्यकर्ता माइक्रो डोनेशन अभियान को पूरे गंभीरता से लें और हर बूथ पर जाकर हर स्तर पर अपना सहयोग करें। कार्यकर्ताओं को नप के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश बागड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश भाटिया, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजमल किलोई सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सरिता नारायण, मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष अशोक सहगल, मंडल अध्यक्ष राजीव भानकर, महिला जिला अध्यक्ष उषा शर्मा समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** हुडा कॉम्प्लेक्स स्थित रोहतक विधानसभा के कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

## विधायक बत्तरा ने भाजपा पर लगाया आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ मुख्य चुनाव अधिकारी को लिखा पत्र, एफआईआर दर्ज करने की मांग

विधायक भारत भूषण बत्तरा ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर भाजपा पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया है।



शहर में जिस तरह से भाजपा ने सार्वजनिक संपत्ति पर पोस्टर और फ्लेक्स लगाए हैं उनकी तस्वीरें भी सबूत के रूप में आयोग को भेजी गई हैं। चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कांग्रेस विधायक दल के चीफ विहिप भारत भूषण बत्तरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है।

रोहतक शहर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा के नारे और दावों की वॉल पेंटिंग और फ्लेक्स अभी भी सार्वजनिक संपत्ति पर हैं। चुनाव आयोग को भेजी गई शिकायत में विधायक ने दीवार के पेंटिंग और फ्लेक्स की तस्वीरें स्थानों,साइटों का विस्तृत पीडीएफ भी संलग्न किया हैं। बत्तरा ने कहा कि ऐसे मामले में प्राथमिकी हरियाणा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1998 के तहत दर्ज की जानी चाहिए और यह भारत के चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन का भी मामला है। चुनाव आयोग को लिखे पत्र में विधायक ने मांग की है कि 24 घंटे के भीतर तुरंत प्रिंट और फ्लेक्स हटवाए जाए और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए।